ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 13

Subject : Hindi Text 2nd Term **Class : IIB** **Date : 10.09.2020**

Topic : आइज़क न्यूटन

1. न्यूटन ने अपनी शिक्षा कैसे कैसे पूरी की?

उत्तर न्यूटन विश्वविद्यालय में दाखिल हुआ। न्यूटन वहाँ भी गरीबी का जीवन बिताते हुए पढ़ाई में लगा रहता था। वह लोगो के काम कर देता था। उससे मिलने वाले पैसे से न्यूटन अपना काम चलाता था।

2. न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत कैसे दिया?

उत्तर एक बार की बात है। न्यूटन एक बाग में बैठा हुआ था। अचानक एक सेब पेड़ से टूटकर उसके आगे गिर पड़ा। न्यूटन ने उसे ध्यान से देखा। वह सोचने लगा कि सेब ज़मीन पर ही क्यों गिरा? आकाश की ओर क्यों नहीं चला गया? इस तरह उसने गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत दिया।

3. आविष्कार से न्यूटन ने पृथ्वी के बारे में क्या पाया तथा उसने कैसे नाम कमाया?

उत्तर अपने आविष्कार से न्यूटन ने पाया कि पृथ्वी में एक ऐसी शक्ति है जो वस्तुओं को अपनी ओर खींचती है। उसने विज्ञान को नई दिशा दी तथा बहुत से आविष्कार किए। उसने पानी से चलने वाली घड़ी भी बनाई। एक गरीब किसान की स्त्री के बेटे ने पूरे संसार में इस तरह अपना नाम कमाया।

Sangeeta Khosla